हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 22 मई 2025


10 ऑपरेशन सिंदूर यात्रा निकाल जिले को किया...



12 अब घटिया सामग्री का आरोप लगाकर प्रधान ने रुकवाया...






## खबर संक्षेप



### बिहाली में नाले की पुलिया क्षतिग्रस्त

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली में बस स्टैंड के समीप गन्दे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले का पुलिया क्षतिग्रस्त होने से नागरिक बेहद परेशान हैं। गांव के निवासी प्रमोद कुमार, निहाल सिंह, नरेश कुमार, रत्न सिंह, कर्मवीर, धर्मेंद्र, दलीप सिंह, धर्मपाल आदि ने बताया कि सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाले बनाए गए हैं। जहां जहां कॉलोनी है, वहां पर नाले पर पुलिया बनाया हुआ है, ताकि आमजन को आवागमन में किसी परेशानी न हो, लेकिन वार्ड नं दो की गली में जाने के लिए नाले पर बनाया गया पुलिया क्षतिग्रस्त होकर टूट चुका है। जिसके कारण आम नागरिकों व वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप में बन्द हो गया। बुजुर्ग महिला व पुरुषों के साथ साथ छोटे बच्चे का निकलना दुभर हो रहा है।



### गोवंश के लिए लगाई हरी सब्जी की सवामणि

**नारनौल।** भारत विकास परिषद शाखा के सचिव मुकेश जैन व उनकी पत्नी मीतू जैन ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ गोपाल गोशाला में गोवंश को हरी सब्जियां खिलाकर मनाई। इस अवसर पर जैन दम्पति ने कहा कि वैवाहिक वर्षगांठ को इस तरह गोमाता की सेवा में समर्पित करके उन्हें असीम शांति व खुशी मिल रही है। मीतू जैन ने कहा गाय हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैं।

विजय जिंदल ने बताया कि जैन दम्पति का यह पावन कार्य अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने मुकेश के इस उदार और जानवरों के प्रति संवेदनशील कार्य की सराहना की व उन्हें धन्यवाद दिया। सेवा प्रमुख पवन यादव ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से गोशाला को पशुओं की देखभाल करने में मदद मिलती है।

### भाजपा महिला मोर्चा की ओर से महावीर चौक पर किया कैंडल मार्च

# ऑपरेशन सिंदूर यात्रा निकाल जिले को किया एकजुट : भारती सैनी




नारनौल। ऑपरेशन सिंदूर यात्रा निकालती भारती सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आतंकवाद का समूल नाश करने के लिए भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए अदम्य साहस व शौर्य के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार शाम ऑपरेशन सिंदूर यात्रा कर कैंडल मार्च निकाला। इसका नेतृत्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने किया। यह ऑपरेशन सिंदूर यात्रा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से महावीर चौक तक निकाली गई। इसमें सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी रही। यात्रा में जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर हिंदू पर्यटकों की नृशंस तरीके से की गई हत्या के विरोध में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका बदला लेते हुए व आतंकवादियों के समूल नाश एवं आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाय। जिसमें भारत की गौरवशाली एवं अदम्य साहस और शौर्य से परिपूर्ण भारतीय सेना ने मात्र दो दिनों में ना केवल आतंकवाद के केंद्रों को नेस्तनाबूद किया बल्कि पाकिस्तान के 11 एयरबेस को नुकसान पहुंचा कर पाकिस्तान को घुटने पर लाने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब-जब पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने भारत के निर्दोष लोगों की हत्या की, चाहे वह उरी हमला हो, चाहे वह पुलवामा हमला हो और चाहे अब पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या का मामला हो, पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर के मारा है।

#### दो दिन में पाकिस्तान के हथियारों को किया ध्वस्त

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व की सबसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मात्र दो दिन में हिंदुस्तानी हथियारों के बल पर पाकिस्तान के हथियारों को न केवल ध्वस्त किया बल्कि उसे सीजफायर के लिए विश्व के आगे गिड़गिड़ाने व घुटने टेकने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि अबकी बार यदि पाक पोषक आतंकवादियों ने फिर हमारे देश में निर्दोष लोगों की हत्या की तो उसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा और उसका ऐसा जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान की आने वाली नस्लें उसे सदियों तक याद रखेंगी और विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाएगा। इस दौरान अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महिला मोर्चा प्रभारी नीतू चौधरी, जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार, कृष्णा आर्य, सरला यादव व अन्य महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रही। इस मौके पर कविता यादव, सुनीता जांगिड़, निधि वर्मा, पार्षद सुशील सैनी, पूर्व पार्षद कोमल दायमा, माया सैनी, पूर्व पार्षद कैलाशवति संघी, विजय लक्ष्मी, रितु शर्मा, सुनीता सोनी, सीमा सैनी, बबली सोनी, रवीना सोनी, सुमित्रा यादव, अनुराधा, सुमन यादव, रेखा सिंघल, सरला यादव, कमलेश सैनी, अरुण भारती, पार्षद सोनम यादव, संतरा देवी, मंजू चौहान, योगिता सैनी, मनीषा मित्तल, संतरा सैनी, कृष्ण शर्मा, सुमन जांगिड़, अनुराधा सैनी, ललिता शर्मा, भारत विकास परिषद शाखा नारनौल की महिला संयोजक लक्ष्मी सचदेवा, रोटरी क्लब महिला अध्यक्ष प्रियंका संघी महेंद्रगढ़, पूर्व पार्षद गीता कुमारी इत्यादि सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव

# लाइसेंस धारकों को थाने में हथियार जमा कराने के आदेश

- आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर उपचुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिलाधीश डा. विवेक भारती ने आगामी 15 जून को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव को शांतिपूर्ण करवाने के लिए शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत जिला के लाइसेंस धारकों को थाने में हथियार जमा कराने के आदेश पारित किए हैं। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर उपचुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगा।

जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आधार पर आम जनता या उसके किसी भी सदस्य को जिला की सीमा के भीतर सभी प्रकार के आग्नेयास्त्र और गोला बारूद ले जाने पर पाबंदी रहेगी तथा शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत सभी लाइसेंस धारकों को अपने हथियार व गोला बारूद इस आदेश के जारी होने की तिथि से दो दिनों के भीतर उचित रसीद के साथ अपने संबंधित पुलिस स्टेशन, अधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराने होंगे। लाइसेंस धारक चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसी भी दिन रसीद प्रस्तुत करने पर संबंधित एसएचओ के साथ साथ शस्त्र डीलर से अपने आग्नेयास्त्र वापस ले सकते हैं।

#### यह भी स्पष्ट किया

आदेशों में यह भी स्पष्ट किया है कि पुलिस सैन्य या अर्धसैनिक कार्मिक तथा अन्य सरकारी कर्मचारी यदि उन्हें अपने कर्तव्यों के संबंध में आग्नेयास्त्र ले जाने के लिए कहा जाता है तो वह पुलिस, सैन्य, अर्धसैनिक कार्मिक अपनी सेवा वर्दी में होंगे। यह छूट उपरोक्त कार्मिकों के संबंध में तभी लागू होगी, जब वे आधिकारिक ड्यूटी पर होंगे। बैंकों के नाम पर लाइसेंस रखने वाले विभिन्न बैंकों, निजी बैंकों में तैनात प्राधिकृत सुरक्षा गार्ड, विभिन्न एटीएम में तैनात प्राधिकृत सुरक्षा गार्ड, बिक्री परिवहन तथा एटीएम में नकदी भरने के लिए नकदी ले जाने वाली वैन में तैनात सुरक्षा गार्ड। खिलाड़ी जो विभिन्न स्तरों पर राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन के सदस्य हैं तथा जिन्हें विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लेना होता है, जिसमें वे अपनी राइफलों का उपयोग करते हैं, साथ ही लाइसेंसधारियों की वे श्रेणियां जिन्हें राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार छूट दी गई है। हरियाणा जब तक कि स्क्रीनिंग कमेटी किसी विशिष्ट आदेश के माध्यम से हथियार को जब्त करने का निर्णय नहीं लेती। यदि लाइसेंसधारक को हथियार रखना है तो वह स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। यदि लाइसेंसधारक को आकस्मिक आवश्यकता पड़ती है तो मामले के आधार पर छूट प्रदान करने के लिए नीचे हस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में उप पुलिस अधीक्षक, डीआरओ, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय डीसी महेंद्रगढ़, एसआईएस, कार्यालय एसपी महेंद्रगढ़ पीएल, कार्यालय डीसी महेंद्रगढ़ की स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा तदनुसार लागू अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रशिक्षण प्राप्त करते नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया कम से कम जान व माल के नुकसान को सुनिश्चित करता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक इस बारे में अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें। यह बात नगराधीश मंजीत कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। इस बैठक में आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा व विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में रेडक्रॉस से डॉ. एसपी सिंह, समस्त ब्रिगेड ऑफिसर, रीजनल कमांडर टेकचंद यादव, जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजकुमार व्यास, माय भारत के वालंटियर्स, जिला सैनिक बोर्ड के स्वयंसेवक तथा नारनौल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

इस बैठक का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए आपदा की स्थिति में त्वरित व समन्वित प्रतिक्रिया की तैयारी करना था। वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें समय समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सभी स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए संकल्पित भाव से प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने आपसी समन्वय व सहयोग के साथ कार्य करने का संकल्प लिया, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से किया जा सके।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एसटीपी का शुभारंभ

- कुलपति ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एप्लिकेशंस ऑफ कम्प्यूटेशनल सॉफ्टवेयर इन मैथमैटिकल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग विषय पर केंद्रित लघु अवधि कार्यक्रम (एसटीपी) का शुभारंभ हुआ। यूजीसी-एमएमटीटीसी द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने किया। कुलपति ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के क्षेत्र में वर्तमान शोध में महत्त्व को रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि कैसे कम्प्यूटेशनल टूल्स मानव बुद्धिमत्ता की अनुकरणात्मक प्रक्रिया को सक्षम बनाकर समस्या समाधान और निर्णय-निर्माण की प्रक्रियाओं को रूपांतरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर सुरेश कुमार शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक एवं विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के डीन प्रो. राजेश कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



महेंद्रगढ़। हकेवि में एसटीपी का उद्घाटन करते विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### 53 प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण

24 मई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 53 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। प्रो. गुप्ता ने बताया कि इस एसटीपी के अंतर्गत कुल 24 तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) की उपनिदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने मुख्यातिथि का परिचय दिया। आयोजन में मुख्यातिथि प्रो. सुरेश कुमार शर्मा ने शैक्षणिक अनुसंधान के बदलते परिदृश्य पर प्रकाश डाला और आधुनिक कम्प्यूटेशनल टूल्स की मदद से आंकड़ों के विश्लेषण एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रकाशन की आवश्यकता को रेखांकित किया।

## भजनों पर भाव विभोर हुए भक्तजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। यजमान को स्मृति चिहन भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला नई सराय में सैन चौक के पास संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की, जबकि मंडल के संरक्षक सांवरमल गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। सर्वप्रथम पंडित अजय शर्मा व जितेंद्र शर्मा ने यजमान मुनीम अग्रवाल से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित करवाई।

हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें आचार्य क्रांति निर्मल, पंडित महेश शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, पंडित योगेश शर्मा, कांशीराम पार्षद व दिनेश बारी ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें गायक अजय शर्मा ने छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना व गुरुजी सांवरमल ने बालाजी तू जल्दी से आजा संकट में तेरो दस पड़ो है भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर मंहत कैलाश हरित, नरेश मित्तल, विनोद राव, विकास अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, छाजूराम मोदी, कृष्ण मोदी, महेंद्र, गौरीशंकर मित्तल, कुमार नरेंद्र, रोहतास यादव, नरेंद्र यादव, मन्नू पंजाबी, नंदू लखेरा, दिनेश कौशिक, ललित सैनी, हिमांशु आदि भक्तजन मौजूद थे।

## माइंड मैनेजमेंट व सुरक्षा के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी

**अटेली मंडी।** विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए जैसे नियमित शिक्षा, स्व अनुशासन और कठिन परिश्रम जरूरी है। माइंड मैनेजमेंट की ओर से संभव है, वैसे ही सुरक्षा के लिए टाइम मैनेजमेंट भी जरूरी है। राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए सुरक्षा का महत्व विषय पर 350 से अधिक विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय माउंट आबू से पधारे यातायात एवं परिवहन प्रभाग के वाइस चेयरपर्सन बीके डॉ. सुरेश शर्मा ने उपरोक्त बात कही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विश्व भर में सबसे अधिक लोग भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का शिकार होते हैं, क्योंकि हम यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं।



मंडी अटेली। विद्यार्थी जीवन में सफलता के लिए सुरक्षा का महत्व विषय जानकारी देते हुए।

यह सड़क सुरक्षा जागृति कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल राकेश यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर अंग्रेजी के प्राध्यापक कजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाना है।

## राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। नशा ने करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना व उन्हें एक स्वस्थ, संयमित एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. पविता यादव ने विद्यार्थियों को नशे की समस्या, उसके सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज की प्रगति में भी बाधक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। विद्यार्थियों ने नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर विकास ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और यदि यह पीढ़ी नशे से मुक्त रहेगी तो देश भी प्रगति की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों पर आधारित जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. अश्विनी यादव, बबील कुमारी, ममता, दुलीचंद सहित महाविद्यालय के अनेक स्टाफ सदस्य व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजकीय मॉडल स्कूल में सभा आयोजित



**नारनौल।** राजकीय मॉडन विद्यालय में एक सांझी सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रोमिला यादव ने की। इस अवसर पर निशा पांडे ने सांझी सभा में उपस्थित बच्चों के माता पिता, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों व स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए सांझी सभा एसएमसर के पुनर्गठन के बारे में बताया। गजानंद यादव ने बताया कि इन समितियों का पुनर्गठन दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है। मार्च को इनका कार्यकाल पूरा हो चुका है। अत: सभी विद्यालयों में इन समितियां का गठन किया जा रहा है। विद्यालय में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनीता बहल को प्रधान पद के लिए चुना। इसके अलावा उपप्रधान मंजू यादव को चुना गया। उपस्थित सभी सदस्यों में से 16 सदस्य एसएमसी सदस्य के रूप में चुने गए। विद्यालय प्राचार्या प्रोमिला यादव ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए पिछली एसएमसी के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व प्रधान हेमंत चौबे की कार्यकाल की प्रशंसा की और आगे भी स्कूल के कार्यों में उनसे सहयोग की अपेक्षा की। इस मौके पर दीपक वर्मा, हनुमान प्रसाद आदि मौजूद थे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना — पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर उद्योग विभाग के प्रधान सचिव ने की वीसी

# 219 लाभार्थियों को मिला 2.13 करोड़ का लोन 1030 आवेदकों का मुफ्त टूल किट के लिए चयन

पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को तीन लाख तक का ऋण पांच फीसदी की रियायती ब्याज पर

- 1030 आवेदकों का मुफ्त टूल किट के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से सरकार पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को तीन लाख रुपये तक का ऋण पांच फीसदी की रियायती ब्याज दर पर दिया जाता है। जिला महेंद्रगढ़ में इस योजना के तहत अब तक 219 लाभार्थियों को दो करोड़ 13 लाख 63 हजार रुपये का ऋण दिया जा चुका है। शेष लाभार्थियों के आवेदन भी जल्द से जल्द निपटाए जाएं। यह निर्देश नगराधीश मंजीत कुमार ने बुधवार को हरियाणा के उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीटीएम ने बताया कि इस योजना के तहत 18 विभिन्न व्यवसायों के कारीगरों को लाभ मिलता है। इसमें पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और आईडी कार्ड प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि पांच से सात दिनों का बेसिक प्रशिक्षण और 15 दिनों का एडवांस्ड प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन 500 रुपये का मानदेय भी मिलता है। वहीं 15 हजार रुपये तक की टूलकिट खरीदने के लिए ई वाउचर भी प्रदान किया जाता है। इसके अलावा डिजिटल लेनदेन पर प्रति लेनदेन एक रुपये का प्रोत्साहन मिलता है। सरकार इनके उत्पादों के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की सुविधा प्रदान करेगी।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद सीटीएम मंजीत कुमार।

#### ये है आवेदन प्रक्रिया

पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पीएम विश्वकर्मा डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर किया जा सकता है। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर बैंक विवरण और राशन कार्ड शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने की पहल

**कनीना।** जिले के विभिन्न सड़क पर सरपट दौड़ने वाले ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए हरियाणा सरकार ने एसडीएम व सीटीएम को भी चालान करने की पावर दे दी है। ऐसा करने से सड़क मार्गों की हालत में सुधार रहने तथा सड़क हादसों में भी कमी होने की संभावना बन रही है। महेंद्रगढ़ कनीना सड़क पर एनएच 152 डी तक सड़क की हालत दयनीय हो चुकी है, जबकि यह सड़क मार्ग करीब दो वर्ष पूर्व तैयार किया गया था। सड़क में जगह जगह दरारें आने से हाल ही में आनन फानन में पैचवर्क का कार्य भी किया गया है, जो अधिक टिकाऊ साबित नहीं रहा है। उन्हाणी में रामपुरी नहर के साइफन वाले स्थान पर सड़क क्षतिग्रस्त है। जिससे हादसों को बढ़ावा मिल रहा है।

### यदुवंशी कॉलेज में स्कॉलरशिप के साथ सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ के साथ कैरियर बनाने का सुनहरा मौका दिया है। प्राचार्य बजरंग लाल ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, बीटेक कोर्स की सीमित सीटों पर प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। सीमित सीटों के अंतर्गत शीघ्रता शीघ्र प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को चेयरमैन स्कॉलरशिप सुविधा भी उपलब्ध होगी। उप प्राचार्या सोनल यादव ने बताया इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी से अब तक यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने टॉप टेन में 1100 के लगभग पॉजीशन कॉलेज के विद्यार्थियों नें प्राप्त करके पूरे हरियाणा में कीर्तिमान स्थापित कर अपने कैरियर का निर्माण किया है।

संस्था निदेशक सुरेश यादव ने सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए हम हर तरह से मदद के लिए तैयार हैं। प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों व खेलकूद के साथ लाइब्रेरी की पाठ्य पुस्तकों की सुविधा विद्यार्थियों के लिए है।

### गिरते भूजल स्तर की गंभीर समस्या से मिली राहत

# अटल भूजल योजना से बदली तस्वीर 145 ग्राम पंचायतों के जलस्तर बढ़े

सिंचाई-जल संसाधन विभाग की योजना के तहत भूजल संरक्षण और प्रबंधन के लिए लगातार विभिन्न कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गिरते भूजल स्तर की गंभीर समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी अटल भूजल योजना महेंद्रगढ़ जिले में संजीवनी साबित हो रही है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस योजना के तहत भूजल संरक्षण और प्रबंधन के लिए लगातार विभिन्न कार्यों को अंजाम दे रहा है। जिससे 2014 से लेकर अब तक भूजल स्तर की परिस्थिति में उल्लेखनीय फर्क पाया जा रहा है। अटल भूजल योजना हरियाणा में भूजल के गिरते स्तर को सुधारने और इसके सतत प्रबंधन को सुनिश्चित करने के



डॉ. विवेक भारती।

उद्देश्य से लागू की गई है। इसके प्रमुख उद्देश्यों में भूजल संरक्षण को बढ़ावा देना, जल उपयोग की दक्षता में सुधार लाना, सामुदायिक भागीदारी से जल प्रबंधन को मजबूत करना और ग्राम स्तर पर जल बजट तथा जल सुरक्षा योजनाएं तैयार करना शामिल है। योजना के तहत किसानों को सूक्ष्म सिंचाई अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही वर्षा जल संचयन, पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण और जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से दीर्घकालिक जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही विभाग की टीमें गांव गांव जाकर किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के प्रति जागरूक कर रही हैं। यह पहल क्षेत्रीय जल आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और सतत जल प्रबंधन को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही है।

#### वर्षा जल का प्रभावी उपयोग

बरसात के मौसम में लगभग 125 दिनों तक नदियों में 593 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे कुल 181.373 एमसीएम जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई। इस तरह की कई परियोजनाएं अब भी निर्माणाधीन हैं और भविष्य में जल भंडारण क्षमता बढ़ाने तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए और भी योजनाएं शुरू की जाएंगी।

#### नहरों की क्षमता को बढ़ाना

जोहड़ों और नदियों मे भूजल पुनर्भरण के लिए भूजल रिचार्ज के लिए नेटवर्क का निर्माण करना। जिसमें नहर से नदी जोड़ने की 25 परियोजनाएं, नहर से जोहड़ जोड़ने की 137 परियोजनाएं, नहर से कच्चे ड्रेन जोड़ने की पांच परियोजनाएं शामिल है। जिसमें कुल 24 जलाशयों में से 15 जलाशयों का निर्माण पूरा हो चुका है और नौ जलाशयों निर्माणाधीन है। इन जलाशयों के माध्यम से सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से किसान खेतों को सिंचित कर पाएंगे। वहीं 20 इंजेक्शन वेल्स का निर्माण, नहर से कच्चे ड्रेन जोड़ने की पांच परियोजनाएं, तीन स्टोन पिचिंग जैसे महत्वपूर्ण इतर कार्य शामिल हैं। जिले में अब तक 105.59 करोड़ रुपये की लागत से नांगल चौधरी, नारनौल, अटेली नांगल, कनीना और महेंद्रगढ़ खंड में 192 में से 131 जल संरक्षण संबंधी दिए गए कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 61 कार्य प्रगति पर हैं।

#### पीजोमीटर के माध्यम से भूजल की निगरानी

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के माध्यम से जिले में भूजल स्तर में सुधार देखा गया है। अटल भूजल योजना के तहत जिला कार्यान्वयन भागीदार टीम द्वारा हर महीने ग्राम पंचायत लेवल पर लगे 150 पीजोमीटर और चिन्हित बोरेवेल्स में भूजल की पैमाइश की जाती है। जिसके आंकड़ों के अनुसार पांचों खंडों की कई ग्राम पंचायतों में जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल 2024 की तुलना में अप्रैल 2025 में जिले के कुल 255 ग्राम पंचायतों मे से 145 ग्राम पंचायतों मे भूजल स्तर में वृद्धि हुई है और 85 ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर स्थिर है।

# कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के शहीदी दिवस पर राजीव चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए व उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला प्रमुख भाई रामसिंह ने कहा कि वे आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। जिन्होंने तकनीक, शिक्षा और युवा शक्ति के माध्यम से देश को नई दिशा दी। राजीव ने समाज के सभी तबकों के कल्याण को ध्यान में रखकर अपने शासनकाल में 11 नीतियां बनाई। इसमें नई शिक्षा नीति, आवास नीति, नई स्वास्थ्य नीति, नई सिंचाई नीति प्रमुख है। कई संस्थाओं की स्थापना की। पीने का पानी, टीकाकरण, साक्षरता, बाढ़ नियंत्रण, खाने के तेल, दुग्ध उत्पादन और टेलीकॉम पर टेक्नालाजी मिशन बनाया। इस अवसर पर कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव ने अद्वितीय भूमिका का निर्वाह किया। उन्होंने मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार व आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण व भागीदारी के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। आज हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को और मजबूत बनाने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर संदीप राव, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद, कांग्रेस पार्टी के महासचिव जसवंत भाटी, ब्लॉक प्रधान माया, सुरेश फौजी व अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी लोगों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विवान खंडेलवाल ने आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**नांगल चौधरी।** नांगल दुर्गू निवासी विवान खंडलवाल पुत्र राजेंद्र खंडेलवाल ने आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली युवा को गांव के सरपंच पूर्णमल व अन्य सामाजिक संगठनों ने स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। सरपंच पूर्णमल ने बताया कि गोवा में दक्षिण एशियाई आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न देशों के 1750 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। नांगल दुर्गू निवासी विवान खंडेलवाल ने 32 किलोग्राम वजन में गोल्ड मेडल जीतकर जिला व गांव का नाम नेशनल लेवल पर रोशन किया है। उन्होंने बताया कि विवान की सफलता से अन्य युवाओं को अभ्यास करने तथा टारगेट निर्धारित करके परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी। इसके बाद प्रतिभाशाली युवा को पगड़ी व फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूबेदार सेडाराम, रामचंद्र, चिरंजीलाल, सुरेंद्र सिंह, सुखपाल, रघुबीर, ओमप्रकाश, उदमीराम, रामनिवास खींची, श्यामलाल मौजूद रहे।

# होनहार खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण पदक जीतकर सूरज स्कूल का नाम रोशन किया

- जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ी चमके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सूरज स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय देते हुए 17 स्वर्ण, सात रजत, पांच कांस्य पदक अपने नाम किए। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम भी है। प्रतियोगिता में जिलेभर के 150 से अधिक, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, लेकिन सूरज स्कूल के खिलाड़ियों ने सभी को पीछे छोड़ते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की।

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने विभिन्न आयु व भार वर्गों में भाग लिया और सभी वर्गों में बेहतरीन तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों में मुख्यतः स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी दीपिका, भूवेश, समीक्षा, अंशु, लक्षिता, कारिका, मानसी, दीपिका कुमारी, गुंजन, आशु, दीशांत, जतिन, चेतन, दीपांशु, आयुष, चिराग, मयंक, रहे। रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आरवी, कृतिका, भावेश, हर्षित, कार्तिक, हर्ष, आर्यन रहे। कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अवीरल, मंदीप, अंश, केशव, हर्ष रहें। प्राचार्या ऋतु चहल ने सभी विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि खेलों में भी लगातार उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं। यह सफलता हमारे खेल प्रशिक्षक कृष्ण कुमार यादव की मेहनत और छात्रों की निष्ठा का प्रतिफल है। खेल प्रभारी ने बताया कि यह खिलाड़ी 23 से 25 मई में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगे।

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करना जरूरी

**नारनौल।** भूतपूर्व सैनिकों को नागरिक सुरक्षा अधिनियम एवं विनियमों के प्रावधानों के अनुसार स्वयं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करना आवश्यक है। इसलिए 23 मई को जिला के सभी स्वयंसेवक भूतपूर्व सैनिक प्रातः 10:30 बजे लघु सचिवालय के कमरा नंबर 118 में पहुंचना सुनिश्चित करें। जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार नागरिक सुरक्षा अधिनियम व विनियमों के प्रावधानों के अनुसार स्वयं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करने के लिए वे अपना विवरण जैसे सेना क्रमांक, पद, नाम, पिता का नाम, गांव व संपर्क नंबर जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण कार्यालय के मोबाइल नंबर पर भेजे।

# यदुवंशी स्कूल में मनाया गया विश्व आतंकवाद विरोधी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** आतंकवाद दिवस पर उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में विश्व आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद की। छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण और कवितापाठ के माध्यम से आतंकवाद के विरूद्ध संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देना था। सभी ने शांति और अहिंसा की राह पर चलने की शपथ ली व आतंकवाद से लड़ने में शहीद हुए सुरक्षाबलों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य पवन कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आतंकवाद के विरूद्ध एकजुट होकर कार्य करने का संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाती है। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है, इससे मिलकर लड़ना जरूरी है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्या देवी स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




**नारनौल।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रसिद्ध पर्वतारोही बलजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विद्यालय में कक्षा 10वीं की छात्रा गरिमा व जैसमीन ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा भारती ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व खुशबू ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में तनिका ने 91.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रिया शर्मा ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व विशांत ने 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बलजीत कौर ने बच्चों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों और सफलताओं को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे कठिनाइयों से डरें नहीं, बल्कि लगातार मेहनत करते रहें। विद्यालय के चेयरमैन तेजपाल यादव, सेक्रेटरी विद्या देवी, डायरेक्टर विक्रांत यादव व प्रिंसिपल राजकुमार यादव ने भी छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी।



## श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मोहल्ला गुरुनानकपुरा में किया सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को मोहल्ला गुरुनानकपुरा में सुंदरकांड पाठ निर्मल क्लीनिक के पास राजेंद्र बंसल के निवास स्थान पर किया गया। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर हनुमान चालीसा, गणेश वंदना, रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने रंग बिरंगे फूलों से बालाजी महाराज का बाबा दरबार सजाया। इस अवसर पर मनोज निर्मल, गौरीशंकर शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश सोनी, नवीन जैन, विजय हल्दिया, सीताराम, शिवशंकर अग्रवाल, काशीराम सैनी, नवीन बंसल, नरेंद्र गर्ग, प्रशांत सैनी, मनीष शर्मा ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। मंडल के सदस्य विकास संघी ने मुख्य यजमान को बालाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें मास्टर गौतम ने जान की जान की मैंने बाजी लगा दी जान की, महावीर प्रसाद अग्रवाल ने बजरंगबली हनुमान तेरे जग में डंका बज रहा, नवीन जैन ने जय जय हनुमान जी राम राम जी, गौरीशंकर शर्मा ने मेरे बालाजी महाराज जयकारा गूंजे गली गली। इस मौके पर प्रवेश अग्रवाल, हरिहंत जैन, महेश मित्तल, चिंटू गुप्ता, सचिन गोयल, रामावतार गोयल, प्रमोद गर्ग, दीपक सिंगला, चंचल, राकेश गुप्ता, सोनू प्रजापत, नवीन भालोठिया, विकास संघी, बलवंत सिंह, रचना, वंदना, कविता, तारा देवी, तरुण, रुक्मणी आदि मौजूद थे।

# राजीव गांधी ने ही रखी थी आधुनिक व प्रगतिशील भारत की बुनियादः राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



राव नरेंद्र सिंह।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि युवा सोच रखने वाले राजीव गांधी को 21वीं सदी के भारत का निर्माता कहा जाता है। 40 वर्ष की उम्र में बने प्रधानमंत्री ने एक आधुनिक भारत की नींव रखी थी। जिस डिजिटल इंडिया की बात आज हम करते हैं, उसकी शुरूआत 1984 में राजीव ने की थी। जब भारतीय दूरसंचार नेटवर्क की स्थापना कर शहर से लेकर गांवों तक दूरसंचार का जाल बिछाना शुरू किया गया था। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि देश की राजनीति में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्होंने मतदान करने की उम्र सीमा को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करके युवाओं को मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति और जिम्मेदार तथा सशक्त बनाने की पहल की है। इसी प्रकार पहले देश में कंप्यूटर आमजन की पहुंच से बाहर था, किन उनका मानना था कि विज्ञान व तकनीक के बिना उद्योगों का विकास नहीं हो सकता। जिसके लिए उन्होंने कंप्यूटर क्रांति लाने की दिशा में काम किया व सफल भी हुए। युवा सोच रखने वाले राजीव गांधी ने हमेशा से युवा व गरीब वर्ग के हितों में कार्य किए। जिस प्रकार से गरीब व ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की। जिसके तहत पूरे देश मे उच्च शिक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण व विस्तार हुआ। जिससे होशियार बच्चों को तवज्जो देने के लिए मुफ्त शिक्षा व होस्टल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।



## उपमंडल विधिक सेवा समिति की हुई बैठक

**महेंद्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में उपमंडल विधिक सेवा समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति चेयरमैन एवं एसडीजेएम गौरव खटाना ने की। बैठक में पैनल अधिवक्ता एवं कानूनी स्वयंसेवकों ने भाग लिया। बैठक में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीजेएम गौरव खटाना ने बताया कि यह अधिनियम भारत सरकार की ओर से महिलाओं को कार्यस्थल पर एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है।

### डीसी डॉ. विवेक भारती ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# खराब लिंगानुपात वाले गांवों में घूमेगा जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




**नारनौल।** जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

हरियाणा सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों से जिला में लिंगानुपात में लगातार सुधार हो रहा है। जिला महेंद्रगढ़ के जिन गांवों में सबसे खराब लिंगानुपात है, वहां पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को लघु सचिवालय के प्रांगण से जिला महेंद्रगढ़ के 10 गांवों व नारनौल शहर के पांच वार्डों में चलने वाले इस जागरूकता रथ को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस विशेष अभियान के बारे में बोलते हुए डीसी ने कहा कि धीरे धीरे समाज अब बेटे तथा बेटियों को समानता की नजर से देखने लगा है। हरियाणा सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों से भी लोगों की सोच अब धीरे धीरे बदल रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले के जिन गांवों में सबसे खराब लिंग अनुपात है वहां यह रथ लगातार लोगों को जागरूक करेगा। इस जागरूकता रथ पर बड़ी एलईडी स्क्रीन तथा साउंड सिस्टम लगाया हुआ है।

इसके साथ साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी वर्कर तथा सहायिकाएं इस रथ के साथ रहेंगी और लोगों को जागरूक करेंगी। इस रवानगी के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### इन गांवों तथा वार्डों में घूमेगा जागरूकता रथ

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रथ 21 मई को नारनौल शहर के वार्ड नंबर छह, 15, 16, आठ व वार्ड नंबर चार में जाकर लोगों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया। इसी प्रकार 22 मई को नारनौल खंड के गांव मेई व भांखरी में, 23 को खंड नांगल चौधरी के गांव आंतरी व थनवास में, 24 को खंड अटेली के गांव गणियार व धनौंदा में, 26 को खंड कनीना के गांव रामबास व चेलावास में तथा 27 मई को खंड महेंद्रगढ़ के गांव खातौद व सुरेती पिलानिया में जागरूकता रथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक करेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

मै मंजू पत्नी समशेर वासी गांव मो. हबतपुर भुंगारका तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करती हूं कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम परिना यादव लिखा हुआ है जबकि उसका सही नाम परिना है। नियमानुसार आधार कार्ड में भी उसका नाम परिना किया जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सीताराम पुत्र प्रभुदयाल वासी मोहल्ला पीरागा नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र धर्मपाल व उसकी पत्नी किरण मेरे कहने सुनने से बाहर है और हर दिन घर में झगडा करते रहते हैं इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, राजेश कुमार गोयल पुत्र श्री सुरेश चंद गोयल, निवासी 75/2 वार्ड 19, मोहल्ला देवस्थान, नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा), 123001 ने सभी भविष्य के उद्देश्यों के लिए अपना नाम राजेश गोयल से बदलकर राजेश कुमार गोयल कर लिया है।

**सूचना**

मैं, उर्मिला पत्नी सुभाष पुत्र बन्शी पुत्र झुथाराम निवासी मौहल्ला पुरानी मंडी नारनौल तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ आज बगुकाम नारनौल बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की रहने वाली हूं। झुथाराम के दो पुत्र झाबर व बन्शी थे, झाबर बेऔलाद था जो फौत हो चुका है व उसकी पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है। बन्शी के तीन पुत्र सुभाष, हरिसिंह व संजय थे और संजय बिना शादीशुदा व बेऔलाद था जिसकी मृत्यु हो चुकी है और सुभाष की मृत्यु दिनांक 19.04.2025 को हो चुकी है। सुभाष के वारिसान मन डिपोनेन्ट विधवा है और एक पुत्र हरभजन जीवित है। मेरे ससुर बन्शी के मकान नंबर 9215 जो 18X28-504 एरिया है जिसमे मकानात बने हुए है और एक अन्य नम्बर 9211 मकान रकबा 22X23- यानि 506 एरिया है। मेरे ससुर बन्शी का हिस्सा हरिसिंह व मन डिपोनेन्ट मेरे पुत्र हरभजन के आधा आधा हिस्सा आता है जो हरिसिंह के आधा हिस्सा और मन डिपोनेन्ट व हरभजन के आधा हिस्सा आता है जो मौके पर काबिज चले आ रहे है। इसके अतिरिक्त बन्शी के कोई वारिस ना है। अगर किसी को आपत्ति हो तो 30 दिन के अन्दर नगर परिषद के अन्दर आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

हस्ता/-डिपोनेन्ट

# झुलसाने वाली गर्मी व प्रचंड हीट वेब दिखा रही तेवर, आज से स्कूल टाइम सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- स्कूल स्टाफ को डेढ़ बजे तक रूकना होगा स्कूल में ओआरएस घोल के पैकेट रखना व पिलाना किया सुनिश्चित

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम के दो पहलू देखने को मिल रहें। उत्तरी और पूर्वी जिलों में तेज गति से हवाएं अंधड़ चलने, गर्ज चमक के साथ बारिश और छिटपुट ओलावृष्टि की गतिविधियां देखने को मिल रही। वहीं दूसरी ओर पश्चिमी दक्षिणी जिलों में लगातार तापमान में बढ़ोतरी और हीट वेव लू की परिस्थितियों से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी को बुधवार पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने उपायुक्त के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि जिले के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों में गर्मी की अधिकता के कारण समय में परिवर्तन किया गया है। सभी राजकीय व निजी विद्यालयों की कक्षा पहली से 12वीं तक का समय विद्यार्थियों के लिए सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। विद्यालय स्टाफ सुबह सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक उपस्थित रहेगा। डीईओ ने विद्यालयों को यह भी आदेश दिए है कि सभी विद्यालयों में ओआरएस घोल के पैकेट रखना व पिलाना सुनिश्चित करें। विद्यालय की छुट्टी के समय विद्यार्थियों को पानी पिलाकर ही घर भेजना है। विद्यार्थियों से धूप में कोई भी गतिविधि नहीं करवाएं। सभी विद्यार्थियों को सूती कपड़े से सिर ढकने के लिए प्रेरित करें। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिए जाते है कि इन आदेशों की पालना करवाना सुनिश्चित करें।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि हरियाणा के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में इस मौसम प्रणाली का असर देखने को नहीं मिल रहा। यहां सुबह से ही सूर्य देव की चटक चमकदार धूप से आसमान से आग बरसने से और पश्चिम दिशा से पश्चिमी उष्ण तीक्ष्ण शुष्क हवाएं चलने से सम्पूर्ण इलाके में लगातार तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है और झुलसाने वाली गर्मी से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। सुबह से ही 10-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिमी दिशा से धरातलीय हवाएं चलने जों दोपहर होते-होते हीट वेव लू में तब्दील होकर सम्पूर्ण इलाके में लगातार में चरम मौसम परिस्थितियों से आमजन को रूबरू होना पड़ रहा है। हालांकि शाम होते होते धीरे-धीरे हवाओं की दिशा में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए सम्पूर्ण पश्चिमी और दक्षिणी के साथ मध्य हिस्सों पर हीट वेव लू और तेज झुलसाने वाली गर्मी के लिए आरेंज अलर्ट जारी कर दिया है, जबकि हरियाणा के उत्तरी जिलों के लिए तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ बारिश बूंदाबांदी और छिटपुट ओलावृष्टि के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि एक नया पश्चिमी विक्षोभ 23 मई को सक्रिय होने से हरियाणा के पंजाब से सटे जिलों और दक्षिणी जिलों 23-25 मई के दौरान फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा तथा तापमान में उतार चढ़ाव की संभावना है, क्योंकि 24 मई को अरब सागर पर एक चक्रवातीय तूफान बनने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आंशिक बदलाव देखने को मिलेगा।


नारनौल। साइकिल पर सवार होकर स्कूल से घर जाता छात्र।

### सर्वाधिक सिरसा व रोहतक, फिर महेंद्रगढ़ में गर्मी

बुधवार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रिकॉर्ड तोड तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस से 47.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है सबसे ज्यादा दिन के तापमान सिरसा 47.0 डिग्री सेल्सियस जबकि रोहतक 45.3 डिग्री सेल्सियस और नारनौल 45.2 डिग्री सेल्सियस व हिसार 45.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। साथ ही साथ सम्पूर्ण इलाके में लगातार रात के तापमान में बढ़ोतरी जारी है। सम्पूर्ण इलाके में लगातार दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। यहां झुलसाने वाली गर्मी और प्रचंड हीट वेब लू अपने तेवरों को दिखा रही हैं जबकि जिला महेंद्रगढ़ में दिन और रात के तापमान क्रमशः 45.2, 30.2 डिग्री सेल्सियस और43.8, 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिला में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। साथ ही साथ 25 मई से नौतपा भी शुरू होने जा रहा है। जो नौ दिनों तक चलता है यानी दो जून तक, जबकि मुख्य रूप से शास्त्रों के अनुसार यह पन्द्रह दिनों का होता है जिसमें नौ दिनों तक सम्पूर्ण इलाके में तापमान में बढ़ोतरी होती है। नौतपा के दौरान गर्मी अपने चरम पर रहती है और इस अवधि में सूर्य देव आग उगलते हैं। नौतपा को नवतपा के नाम से भी जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### अटेली में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**मंडी अटेली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व देश के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर 22 मई को अटेली में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीए विकास यादव व अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा सायं छह बजे स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय से लेकर अटेली के नए बस स्टैंड के कनीना चौक तक निकल जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे।

### फव्वारा नोजल चोरी वाले दो युवक गिरफ्तार

**मंडी अटेली।** फव्वारा नोजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों पर चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ताजपुर निवासी अनुप सिंह व बीरसिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि दोनों भाई 20 मई सायं अपने खेत में गए थे, खेत में पहुंचकर देखा कि उनके खेत से फव्वारा नोजल गायब मिले। दोनों लड़कों का नाम पूछा तो एक ने अपना नाम मंजीत व दूसरे ने नरबीर राजपुरा बताया। दोनों घबराकर वहां से भागने लगे, तो उसके भाई बीरसिंह ने अन्य ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कॉलेज रोड से मसानी चौक तक 2.81 करोड़ की लागत से होना है कार्य

# अब घटिया सामग्री का आरोप लगाकर प्रधान ने रुकवाया सड़क निर्माण कार्य

लोगों की शिकायत पर नगर पालिका के चेयरमैन रमेश सैनी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रूकवा दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के राजकीय मॉडल संस्कृत स्कूल के पास सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाते हुए नगर पालिका प्रधान व शहरवासियों ने बुधवार को निर्माण कार्य रूकवा दिया। दस साल के लंबे इंतजार के बाद इसके निर्माण का काम शुरू किया गया था। इसके लिए नपा की ओर से 2.81 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया था। इस दौरान लोगों ने निर्माण सामग्री की जांच की मांग उठाते हुए नारेबाजी भी की। सड़क निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता व नियमों को दरकिनार कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल का आरोप लगाया है। लोगों की शिकायत पर नगर पालिका के चेयरमैन रमेश सैनी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रूकवा दिया।

चेयरमैन का कहना है कि निर्माण सामग्री की मिक्सिंग के लिए नियमानुसार आरएमसी प्लांट का उपयोग होना चाहिए था, लेकिन इसकी बजाय एक छोटी मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। नगर पालिका में इस समय अधिकारी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे निगरानी में कठिनाई हो रही है। नियमों के उल्लंघन के चलते हमने निर्माण कार्य रूकवा दिया है और उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी जाएगी।

इसके अलावा सड़क के बीचों-बीच लगे बिजली के पोल भी अब तक नहीं हटाए गए हैं। नगर पालिका को बिजली निगम की ओर से पोल और तारों को शिफ्ट करने के लिए 70 लाख रुपये का बजट सौंपा गया था, लेकिन बिना पोल हटाए ही निर्माण शुरू कर दिया है। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होगी, बल्कि भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहेगी। पूर्व में भी शहर की सड़कों की स्थिति खराब रही है।

मसानी चौक से बालाजी चौक की सड़क कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई थी, जिससे लोग आज भी परेशान हैं। नगर पालिका में स्थायी अधिकारियों की कमी भी इस अव्यवस्था का बड़ा कारण मानी जा रही है। एमई का पद रिक्त है, जिससे तकनीकी निरीक्षण नहीं हो पा रहा है। चेयरमैन ने कहा कि जब तक निर्माण कार्य नियमों के अनुसार और उच्च गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा, तब तक कार्य नहीं शुरू करने दिया जाएगा।


महेंद्रगढ़। घटिया सामग्री लगाने को लेकर नारेबाजी करते लोग। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने किया था शुभारंभ

बता दें कि बीती 21 अप्रैल को विधायक कंवर सिंह यादव ने हाईप जिम के पास से सड़क निर्माण को लेकर नारियल फोड़कर शुभारंभ किया था। 2.85 करोड़ रुपये की लागत से मसानी चौक से कॉलेज रोड तक करीब दो किलोमीटर मार्ग निर्माण होना था। इस मार्ग को पुराने नारनौल रोड के नाम से जाना जाता हैं। इस मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, बास मौहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग पर पांच-छह फीट की दूरी पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता हैं। इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों की माने तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था।


नांगल चौधरी। बिजली निगम के जेई को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# बिजली कटौती से परेशान नांगल दुर्गू के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

- दो दिन में व्यवस्था को दुरुस्त करने का दिया अल्टीमेटम
- आक्रोशित ग्रामीणों ने सरपंच की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया

नांगल दुर्गू गांव में बीते 10 दिनों से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। जिससे गांव में पेयजल संकट बढ़ने के साथ रात को नींद लेना भी दुर्भर हो गया है। समस्या ने बिजली निगम के अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया, इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों का गुस्सा उबाल खा गया। सुबह पंचायत घर में बैठक करने के बाद निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दो दिन में व्यवस्था को दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा कार्यालय पर धरने प्रदर्शन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

सरपंच पूर्णमल, देशराज, अशोक कुमार, धोलाराम, रामसिंह, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, पवन कुमार, महेंद्र सिंह, होशियार सिंह, हंसराज, माडूराम ने बताया कि पहाड़ की तलहटी पर बसे गांव को 24 घंटे बिजली सप्लाई देने की हिदायत है, लेकिन 24 घंटे में मात्र पांच से छह घंटे ही बिजली सप्लाई मिल पाती है। रात को एक घंटे सप्लाई बहाल होने के बाद दो घंटे लंबा कट लगता है। जिस कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी में नींद लेना मुश्किल हो गया। इसके अलावा बिजली के आभाव में पेयजल संकट बढ़ गया, पहाड़ की तरफ बीते 10 से पानी नहीं पहुंचा। वाटर टैंकरों की मदद से लोग पेयजल का प्रबंध कर रहे हैं। जिसकी डिमांड बढ़ने पर टैंकर संचालकों ने रेट बढ़ा दिए हैं। ऐसे में गरीब वर्ग को पानी का प्रबंध करना मुश्किल हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सरपंच की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया। जिसमें बिजली निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर धरने प्रदर्शन का अलटीमेटम देने का निर्णय लिया। इसके बाद पावर हाउस पहुंचकर जेई रणधीर को ज्ञापन सौंपा गया।

# खुले नाले में गिरा आवारा सांड, 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला बाहर

- रात के समय दो सांडों की लड़ाई के दौरान नाले में गिरा सांड,
- रातभर स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन नाले से सांड को बाहर निकालने का करते रहे प्रयास
- सुबह करीब आठ बजे गोरक्षा दल की टीम के सहयोग से नगर पालिका की क्रेन से सांड को नाले से निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जिले में आवारा गोवंश को संरक्षित करने के लिए काफी संख्या में गोशाला बनाई गई है लेकिन गोशाला में अव्यवस्थाओं के अलावा और कुछ भी नहीं है। आए दिन गोवंश लोगों को घायलों करने के साथ-साथ स्वयं भी हादसे का शिकार हो रहे है। शहर में मंगलवार की रात को एक ऐसा ही हादसा देखने को मिला। दो आवारों सांडो की लड़ाई के दौरान एक सांड खुले नाले में गिर गया। करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांड को नाले से बाहर निकाला गया।

शहर के बुचौली रोड पर बगीची मोड पर रात को करीब एक बजे दो आवारा सांडों की लड़ाई हो गई। इसी दौरान एक सांड खुले पड़े नाले में गिर गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डॉयल 112 को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे डॉयल 112 के सदस्यों ने नाले से पत्थन हटाकर बाहर निकालने का प्रयास किया। लंबे समय तक प्रयास करने के बाद पुलिस कर्मचारी सांड को बाहर निकालने में असफल रहे। इसके बाद शहर के लोगों व गोशाला की एक टीम ने भी सांड को निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह पूरी तरह से असफल रहे।

करीब सुबह छह बाद शहर के लोगों ने गोरक्षा दल के सदस्यों को घटना की सूचना दी। गोरक्षा दल के जिला अध्यक्ष संदीप जेलदार अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा नगर पार्षद अशोक सैनी नगर पालिका से के्रन लेकर मौके पर पहुंचे। क्रेन की सहायता से गोरक्षा दल के सदस्यों तथा स्थानीय लोगों ने सांड को नाले से बाहर निकाला। इसके बाद गोरक्षा दल के सदस्यों ने सांड को एंबुलेंस की सहायता से नारनौल रोड स्थित श्रीकृष्णा गोशाला में उपचार के लिए पहुंचाया।


महेंद्रगढ़। क्रेन की सहायता से सांड को बाहर निकालते टीम के सदस्य।

### आए दिन घायल हो रहे है आवारा गोवंश

जिले के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण अंचलों में कुंए और नाले खुले हुए हैं। आए दिन किसी न किसी इलाके के कुएं और नाले में आवारा घूम रहे पशु गिर जाते है और घंटों तक किसी की नजर में नहीं आते है। इससे कई बार इनकी जान भी चली जाती है। इन आवारा पशुओं को पशु आश्रय स्थल तक पहुंचाने में जिम्म्मेदार नाकाम साबित हो रहे हैं और यहां के पशु आश्रय स्थल महज कागजों तक ही सीमित रह गए हैं।

### सरकार के फैसले से किसानों ने ली राहत की सांस

**कनीना।** किसानों से फसली ऋण पर सात फीसदी ब्याज वसूलने के आदेश सरकार की ओर से वापस लेने पर किसानों ने राहत महसूस की है। सरकार के इस फैसले को लेकर कनीना ब्लॉक के किसान सत्यवीर सिंह, राजसिंह, अशोक कुमार, विनोद कुमार, प्रमाद सिंह, मनोज कुमार, रविंद्र सिंह ने खुशी जताई है। बता दें कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। किसानों के हितों को उपर उठाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से कृषि एवं किसाल कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। सहकारिता विभाग की ओर से हाल ही में पत्र जारी कर किसानों से फसली ऋण पर सात प्रतिशत ब्याज वसूली करने को कहा गया था। विपक्षी दलों की ओर से इसका विरोध पर सरकार ने यह फैसला वापस ले लिया। जिस पर किसानों ने राहत की सांस ली है। हरियाणा के किसानों से सरकार की ओर से 19 अप्रैल को आदेश जारी कर फसली लोन का ब्याज चार से बढ़ाकर सात प्रतिशत वसूलने को कहा गया था। जिस पर प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सवाल उठाए तो सरकार ने ये फैसला वापस लेना पड़ा। कोऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक की ओर से अब एक आदेश भी जारी कर दिया गया है।

# राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन पोर्टल पर दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई की ओर से 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे में क्षेत्र के विद्यार्थियों में दाखिले की होड़ लग गई है। इस बारे में राजकीय महाविद्यालय सिहमा के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में बीए 180 व बीकॉम की 80 सीटें हैं। बीए की 3900 व बीकॉम की 4152 रुपये फीस निर्धारित की गई है। इसके अलावा अनुसूचित जाति व बैकवर्ड क्लास के विद्यार्थी छात्रवृत्ति भी मिलेगी। प्रवेश शुल्क के भुगतान, रिफंड, बैंकिंग संबंधी विवरण व मेरिट लिस्ट आदि के निर्देश पोर्टल पर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि दाखिले से पहले विद्यार्थी अपने सभी जरूरी दस्तावेज सॉफ्ट कॉपी में पूरे करके ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करवाए। इसके बाद विभाग की ओर से मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट में आए विद्यार्थियों को फीस भरनी है और फीस जमा करवाकर हार्ड कॉपी महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। प्राचार्य ने बताया यदि किसी भी अभिभावक व विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया में कोई भी दिक्कत आए तो वे किसी भी कार्य दिवस को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक राजकीय महाविद्यालय सिहमा में मदद के लिए संपर्क कर सकते है।



मंडी अटेली। राजकीय महाविद्यालय सिहमा। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग की

**नारनौल।** पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया। जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर व बॉर्डर नाकों पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान वाहनों को रोककर उनके कागजात चेक किए और वाहनों की डिक्की की भी जांच की गई। वहीं कई वाहनों को जब्त किया गया और वाहनों के चालान भी काटे गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस लगातार वाहन जांच अभियान चला जा रही है, आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नाकों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को एसपी ने निर्देश दिए हुए हैं कि वाहनों की सघनता से जांच करें, संदिग्धों से पूछताछ करें। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस की ओर से समय समय पर सीलिंग प्लान के तहत जिलेभर में नाके लगाए जाते हैं और वाहनों की गहनता से जांच की जाती है। सीलिंग प्लान के तहत आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा के मद्देनजर जिलेभर में नाके लगाए गए।


नारनौल। वाहन की चेकिंग करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### गर्मी के प्रकोप से चिंतित युवा साथी ग्रुप व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# छोटे बच्चों का अवकाश घोषित करने की उठी मांग, एसडीएम से मिली संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- छोटे बच्चों की छुट्टी करने या समय बदलने की मांग

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों को देखते हुए युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षा मंत्री के नाम यह मांग की गई है कि वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए छोटे बच्चों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की जाए या फिर उनके स्कूल के समय में बदलाव किया जाए।

संस्था के सचिव टिंकू प्रधान ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि इस समय गर्मी और लू का प्रकोप चरम पर है। तापमान लगातार बढ़ रहा है जिससे छोटे बच्चों के बीमार होने का खतरा सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे गर्मी को सहन नहीं कर पाते है और ऐसे मौसम में उन्हें स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उनकी संस्था व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट लगातार इस मुद्दे पर विचार कर रही थी और आम नागरिकों से भी उन्हें इस बारे में चिंताएं सुनने को मिली थी। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने एसडीएम के माध्यम से शिक्षामंत्री तक अपनी आवाज पहुंचाने का निर्णय लिया है। ज्ञापन में विशेष रूप से नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए छुट्टी की मांग की गई है।


नारनौल। संस्था के सदस्य एसडीएम रमित यादव को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार

युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ने उम्मीद जताई है कि शिक्षामंत्री उनके इस ज्ञापन पर गंभीरता से विचार करेंगे और बच्चों के हित में तत्काल आवश्यक कदम उठाएंगे। उनका कहना है कि वे बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे और यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आगे भी इस मुद्दे को विभिन्न मंचों पर उठाएंगे। फिलहाल उन्हें सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार है। जिसके बाद वे आगे की रणनीति तय करेंगे। इस मौके पर सुरेंद्र राजपूत, पियूष सैनी, नवीन, प्रमोद, मोहित, विशाल आदि उपस्थित रहे। रमित यादव एसडीएम ने बताया है कि संस्था की ओर से संबंधित विभाग को एक ज्ञापन भेजा गया है। जिला प्रशासन या संबंधित विभाग से जैसे ही कोई निर्णय लिया जाएगा, उसे सार्वजनिक कर दिया जाएगा।